# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2025

## अतारांकित प्रश्न

## 11 मार्च, 2025

----

**कुल प्रश्न - 40**

----

### हेल्परों, वर्करों तथा सुपरवाइजरों के रिक्त पदों को भरना

41 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में आंगनवाड़ियों/ प्लेवेज़ में हेल्परों, वर्करों तथा सुपरवाइजरों की जिलेवार स्वीकृत तथा वर्तमान में संख्या कितनी है तथा आंगनवाड़ियों/ प्लेवेज़ में हेल्परों, वर्करों तथा सुपरवाइजरों के रिक्त पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

### खेल नर्सरियों की संख्या

42 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) राज्य में वर्तमान में चल रही खेल नर्सरियों की जिलेवार संख्या कितनी है; तथा

ख) मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में चल रही इन नर्सरियों की अवस्थिति क्या है?

----

## अनुसूचित जातियों की बैकलॉग रिक्तियों को भरना

43 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (एस.इ.डब्ल्यू.ए) मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में अनुसूचित जाति वर्ग की जॉब बैकलॉग की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त बैकलॉग रिक्तियों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई ?

----

## जल भराव की समस्या का समाधान करना

44 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः –

क) क्या यह तथ्य है कि पंचकूला शहर में सेक्टर 19, औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 तथा फेस-2 के घरों तथा औद्योगिक प्लाटों में बरसाती मौसम में पानी भर जाता है जिससे बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो जाती है तथा सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं तथा फैक्ट्री का लाखों रुपए के मूल्य का सामान/उपकरण नष्ट हो जाते हैं;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि औद्योगिक क्षेत्र फेज़ 1, फेज़ 2 से सेक्टर-19 की ओर सरकार द्वारा एक अंडरपास निर्मित किया गया था परन्तु बरसात के मौसम में उसमें पानी भर जाता है जिसके परिणामस्वरुप लोगों को आने-जाने के दौरान भारी समस्या का सामना करना पड़ता है; तथा

ग) यदि हां, तो उपरोक्त समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका समाधान कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## बंद/ठप्प सीवरेज प्रणाली की समस्या का समाधान करना

45 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि गांव अभयपुर में वार्ड संख्या-9 की सीवरेज प्रणाली कई वर्षों पूर्व डाली थी जोकि वर्तमान में बंद/ठप्प पड़ी है तथा सीवरेज का पानी, पेयजल आपूर्ति में मिल रहा है जिसके कारण बच्चों तथा लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा इसका समाधान कब तक किये जाने की संभावना है?

----

## लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का निर्माण करना

46 **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या समालखा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में एक लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बाई-पास का निर्माण करना

47 **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या समालखा को उत्तर प्रदेश से जोड़ने वाली सड़क पर एक बाई-पास बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बाई-पासों का निर्माण करना

48 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या लोहारू, ढिगांवा तथा बहल में बाई-पासों के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## चार मार्गी सड़क का निर्माण करना

49 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सडकें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भिवानी से लोहारू तक चार मार्गी सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है?

----

## खेत खलियान योजना के नियमों में संशोधन करना

50 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि नलवा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र की अधिकतर जनसंख्या ढाणियों में रहती है तथा इन ढाणियों के अधिकांश रास्ते कच्चे हैं;
(ख) क्या यह भी तथ्य है कि मौजूदा नियमों के कारण उक्त रास्तों को खेत खलियान

योजना के अंतर्गत पक्का नहीं किया जा सका; तथा

(ग) यदि हां, तो क्या किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए खेत खलियान योजना के नियमों में संशोधन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## चार मार्गी सड़क का निर्माण तथा चौंक का सौन्दर्यकरण करना

51 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या सपरा अस्पताल से राष्ट्रीय राजमार्ग-52 तक चार मार्गी सड़क बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उस चौंक, जहां पर उपरोक्त सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 52 से जुडती है, का सौंदर्यकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## माइनर के अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति करना

52 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि बरौदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के लगभग 10 गांवों के किसान जवाहरा माइनर पर निर्भर हैं, जो मूनक हेड से शुरू होती है तथा माइनर की लंबाई अधिक होने के कारण इसके अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पाता; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## कबड्डी हॉल का निर्माण करना

53 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि तहसील गोहाना में खंड कथुरा के गांव रिण्डाना में एक कबड्डी हॉल का निर्माण करने की घोषणा गोहाना रैली में पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी तथा

सरकार ने पिछले विधानसभा सत्र में जवाब दिया था कि गांव रिण्डाना में रुपये 939.20 लाख की लागत से उक्त कबड्डी हॉल निर्माणाधीन है परन्तु अब तक कार्य आरंभ नहीं हुआ है; तथा

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है तथा उपरोक्त हॉल का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल की आपूर्ति करना

54 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जिला नूंह के प्रत्येक गांव में सरकार द्वारा जलापूर्ति उपलब्ध कराई गई है; यदि हां, तो उन गांवों की संख्या कितनी है जिनमें उक्त योजना के अंतर्गत कार्य अधूरा है; तथा

(ख) जलापूर्ति के उक्त अधूरे कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बरसाती पानी की निकासी के लिए उठाए गए पग

55 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) गत् तीन वर्षों में नूंह शहर से बरसाती पानी की निकासी के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; तथा

(ख) गत् तीन वर्षों में नूंह शहर से पानी निकालने के लिए सरकार द्वारा कुल कितनी राशि खर्च की गई है तथा उसका मद-वार तथा स्थान-वार खर्च का ब्यौरा क्या है?

----

## अंत्योदय अन्न योजना तथा बी.पी.एल योजना के अंतर्गत राशन कार्डों की संख्या

56 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलें राज्य मंत्री कृपया बतायेंगे किः-
(क) राज्य में अप्रैल, 2022 से सितम्बर, 2024 तक अंत्योदय अन्न योजना (ए.ए.वाई.) के अंतर्गत सरकार द्वारा जारी किए गए राशन कार्डों की वर्ष-वार संख्या कितनी है तथा उक्त योजना के अंतर्गत लाभ पाने वाले परिवारों की संख्या कितनी है तथा उसका वर्ष-वार एवं जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य में अप्रैल, 2022 से सितम्बर, 2024 तक बीपीएल योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा जारी किए गए राशन कार्डों की संख्या कितनी है तथा उक्त योजना के तहत लाभ पाने वाले परिवारों की संख्या तथा उसका वर्ष-वार एवं जिला-वार ब्यौरा क्या है; तथा
(ग) उपरोक्त दोनों योजनाओं के अंतर्गत राज्य में वितरित किए गए राशन की वर्ष-वार तथा माह-वार मात्रा कितनी है तथा सरकार द्वारा इस पर खर्च किया बजट कितना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

**राज्य में गौवंश की संख्या**

57 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में डेयरियों तथा निजी व्यक्तियों के पास रखे गए गौवंश की संख्या कितनी है;

(ख) राज्य में पंचायती गौशालाओं की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) सरकार द्वारा संचालित की जा रही गौशालाओं की जिला-वार संख्या कितनी है तथा उनमें कितने गौवंश रखे गए हैं; तथा

(घ) राज्य में बेसहारा गौवंश की संख्या कितनी है?

----

**एस.आई.ए.एस.टी.ई को इसके अपने भवन में स्थानांतरित करना**

58 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :-
(क) राज्य अध्यापक शिक्षा उन्नत अध्ययन संस्थान,(एस.आई.ए.एस.टी.ई) झज्जर,जिसे आमतौर पर प्रारंभ के नाम से जाना जाता है (जो 2013 से किराए के भवन में चल रहा है),को इसके अपने भवन में कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है; तथा
(ख) क्या उपरोक्त संस्थान में लड़कों तथा लड़कियों के लिए हॉस्टल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

**एस.सी/बी.सी जॉब बैकलॉग को स्पष्ट करना**

59 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछडे वर्ग कल्याण और अन्त्योदय (एस.ई.डब्ल्यू.ए) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य की सरकारी सेवाओं में अनुसूचित जातियों तथा पिछडे वर्ग के आरक्षण कोटे के पदों का कैडर-वार तथा श्रेणीवार बैकलॉग  क्या है;

(ख) एस.सी/बी.सी श्रेणी की उक्त बैकलॉग को भरने के लिए सरकार की कार्य योजना क्या है; तथा

(ग) उपरोक्त बैकलॉग को भरने के लिए सरकार द्‌वारा क्या समय सीमा निर्धारित की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सड़कों की मरम्मत करना

60 **श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क)  महम विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में पिछले तीन  वर्षों के दौरान कितनी सड़कों की मरम्मत तथा रखरखाव का कार्य निष्पादित किया गया तथा उस पर कितनी राशि खर्च की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्तमान में महम विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में कितनी सड़कें खराब अवस्था में है;

(ग) क्या उपरोक्त सड़कों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां,तो उसका ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा मरम्मत योग्य सड़कों की संख्या कितनी है जिसके  लिए सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है; तथा

(घ) उपरोक्त सड़कों की मरम्मत के लिए कितनी राशि स्वीकृत की गई है तथा इन सड़कों की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## माइनरों को जोड़ना

61 **श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य  है कि महम  विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के करसोला माइनर के अंतिम छोर पर फरमाणा, बेडवा, भैणी चंद्रपाल तथा सैमाण गांव स्थित है तथा उक्त माइनर की लंबाई अधिक होने के कारण पानी अंतिम छौर तक नहीं पहुंच पाता है; तथा

ख) क्या सरकार के पास करसोला माइनर को सुंदर ब्रांच नहर से निकलने वाली सैमाण माइनर के मोगा नंबर 53000 आर (बंद मोरी) से जोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, ताकि इन सभी गांव को लाभ मिल सके; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## अनाज मंडी में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना

62 **श्री देवेन्द्र चतर भुज अत्री (उचाना कलां):**

क्या जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या उचाना की नई अनाज मंडी में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## 88 फीट सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ जोड़ना

63 **श्री देवेन्द्र चतर भुज अत्री (उचाना कलां):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सडकें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या उचाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में 88 फीट सड़क (उचाना से लितानी) को राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ जोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सर्विस सड़क का निर्माण करना

64 **श्री विनोद भयाना (हांसी):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या ढाणा कलां तथा ढाणा खुर्द गांवों के लिए एक सर्विस सड़क बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## हांसी शहर को बिजली लाइन से जोड़ना

65 **श्री विनोद भयाना (हांसी):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि हांसी शहर की बिजली की लाइन मसूदपुर गांव से जुड़ी हुई है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त लाइन को हांसी शहर से जोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सड़क की मरम्मत करना

66 **श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या बाढड़ा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के आदमपुर दाढी से सतनाली वाया झोझू कलां तथा कादमा तक सड़क की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त सड़क की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## पशु बाड़े तथा पशु चिकित्सा संस्थान का निर्माण करना

67 **श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि बाढड़ा क्षेत्र में बड़ी संख्या में बेसहारा पशु हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या बाढड़ा क्षेत्र में चार बड़े पशु बाड़े तथा पशु चिकित्सा संस्थान बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## रिक्त पदों को भरना

68 **श्रीमती शक्ति रानी शर्मा (कालका):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः

(क) कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्यों तथा अध्यापकों के रिक्त पदों की संख्या कितनी है; तथा

(ख) उपरोक्त रिक्त पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बेसहारा पशुओं की समस्या का समाधान करना

69 **श्रीमती शक्ति रानी शर्मा (कालका):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में बेसहारा पशुओं की संख्या बढ़ गई है जिसके कारण किसानों की फसल खराब हो रही है तथा सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही है; यदि हां, तो सरकार द्वारा उपरोक्त समस्या के समाधान के लिए क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## खेल महाविद्यालय खोलना

70 **श्रीमती मन्जु चौधरी ( नांगल चौधरी):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में एक खेल महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त खेल महाविद्यालय के कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## नहर का निर्माण करना

71 **श्रीमती मन्जु चौधरी ( नांगल चौधरी):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः -

(क) क्या नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के नलवाटी क्षेत्र में निजामपुर से रावता की ढ़ाणी तक नहर का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

----

## पुल का निर्माण कार्य पूरा करना

72 **सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पेहवा -अम्बाला सड़क पर नाले पर पुल का निर्माण कार्य जनवरी, 2023 से बंद पड़ा है, जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त पुल का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) उपरोक्त पुल के लिए अस्थायी पथ या वैकल्पिक पथ के लिए सरकार द्वारा अब तक कितना बजट खर्च किया गया है?

----

## सड़क की वर्तमान स्थिति

73 **सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) पेहवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव बिलोचपुर से बीबीपुर कलां तक सड़क की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त सड़क के लिए वर्ष 2018 में की गई मुख्यमंत्री की घोषणा को पूरा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**नया 33 के वी पॉवर सब-स्टेशन स्थापित करना**

74 **श्री निखिल मदान (सोनीपत):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या सोनीपत में बिजली की बढती मांग को देखते हुए नया 33 के.वी पावर सब-स्टेशन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सब-स्टेशन कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

----

**स्वागत द्वार का निर्माण कार्य पूरा करना**

75 **श्री निखिल मदान (सोनीपत):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि सोनीपत शहर में पांच पांडवों के नाम पर स्वागत द्वार बनाने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त घोषणा के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**विद्यालय के भवन की मरम्मत /पुनर्निर्माण करना**

76 **श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क ) क्या यह तथ्य है कि कलायत में बाल विकास प्ले स्कूल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ; तथा

ख ) यदि हाँ ,तो क्या उपरोक्त स्कूल के भवन की मरम्मत /पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसकी मरम्मत /पुनर्निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?

----

## माइनरों को पक्का करना

77 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) कृषि सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति करने के लिए निम्नलिखित माइनरों को पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैः -

1. होडल रजबाहा;
2. सौंध माइनर;
3. लिखी माइनर;
4. गुदराना माइनर;
5. सीहा माइनर;
6. दिघोट गुल माइनर;
7. तुमसरा माइनर;
8. सीहा गूल माइनर आदि; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त माईनरों को कब तक पक्का किए जाने की संभावना है?

----

## सुगम स्वच्छता प्राइवेट-लिमिटेड के विरुद्ध की गई कार्रवाई

78 **श्री देवेन्द्र हंस (गुहला):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि सिवन नगर पालिका में सफाई एवं कचरा प्रबंधन के कार्य सुगम स्वच्छता प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित हैं;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त कंपनी द्वारा अनुबंध के अनुसार सफाई तथा कचरा उठाने का कार्य नहीं किया जा रहा है; तथा

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि कंपनी द्वारा अनुबंध के अनुसार अब तक बुनियादी ढांचे का विकास नहीं किया गया है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा उक्त कंपनी के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## आबंटन की शर्तों के अलावा अधिक ब्याज वसूल करना

79 **श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि व्यापार एवं व्यवसाय कुंज फेज -1, हिसार के वैकल्पिक स्थान पर स्थित प्लाटों के आबंटियों से आबंटन की शर्तों के अलावा अधिक ब्याज वसूला जा रहा है; यदि हां, तो कानून के किस प्रावधान के तहत यह वसूला जा रहा है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि शुरुआत से ही प्लाट संख्या 28 के आबंटियों से 20% ब्याज लिया जा रहा है जबकि उनकी आबंटन की शर्तों के नियम 8 के अनुसार, इकाई के कब्जे के पश्चात् केवल 12% से 15% ब्याज लिया जा सकता है;

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि आबंटियों से चक्रवृद्धि ब्याज वसूला जा रहा है; यदि हां, तो कानून के किस प्रावधान के तहत यह वसूला जा रहा है; तथा

(घ) क्या स्थानीय निकाय विभाग द्वारा इकाई का पूरा कब्जा सौंपने (जो प्लाट न० 28 के मामले में है) देने में देरी के मामले में एच.एस.वी.पी. की तर्ज पर आबंटियों को कोई मुआवजा दिया जा रहा है; यदि हां, इसका ब्यौरा क्या है?

----

## फसल खरीद के लिए सब-यार्ड स्थापित करना

80 **श्री पवन खरखौदा (खरखोदा):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या खरखौदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव फरमाना में फसलों की खरीद के लिए एक सब-यार्ड स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----